प्रादेशिक समाचार
28.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को दी मंजूरी, केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – किसानों को मिलेगा उपज का लाभकारी मूल्य ।

2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 16वें वित्त आयोग दौरे को लेकर तैयारियों की समीक्षा, राज्य सरकार 30 मई को आयोग के समक्ष रखेगी विकास का रोडमैप।

3. शराब घोटाले में आईएएस विनय चौबे और गजेंद्र सिंह दो दिनों की रिमांड पर भेजे गए, एसीबी करेगी पूछताछ।

4. लातेहार के तुतापानी जंगल मे सुरक्षा बलों ने 8 केन आईईडी बम किया निष्क्रिय, भारी मात्रा मे हथियार और विस्फोटक सहित नक्सली सामग्री जब्त।

5. भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में मेजबान अर्जेंटीना को शूटआउट में दो–शून्य से हराया।

********************

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एम.एस.पी. में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में कहा कि सरकार ने विपणन सत्र 2025–26 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज 16वें वित्त आयोग की झारखंड यात्रा को लेकर राज्य सरकार की तैयारियों की समीक्ष की। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि आयोग की टीम 28 मई से चार दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही है और 30 मई को राज्य सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों के साथ अहम बैठक होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आयोग के समक्ष राज्य के विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करें और सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास पर जोर दें। बैठक में राज्य की वित्तीय स्थिति, योजनाओं के क्रियान्वयन और आयोग को सौंपे जाने वाले ज्ञापन पर विस्तृत चर्चा हुई।

********************

झारखंड में शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आईएएस अधिकारी विनय चौबे और तत्कालीन संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को दो दिन के लिए रिमांड पर भेजा जा रहा है। एसीबी की टीम अब इन दोनों से दो दिन तक पूछताछ करेगी। रिमांड की अवधि कल यानी 29 मई को दिन के दस बजे शुरू होकर 31 मई सुबह 10 बजे तक चलेगी। इसके बाद दोनों आरोपियों को फिर से एसीबी कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि एसीबी की टीम ने एसीबी के स्पेशल जज योगेश कुमार सिंह की अदालत से विनय चौबे और गजेंद्र सिंह के लिए सात दिनों की

रिमांड मांगी थी। एसीबी ने रिमांड मांगे जाने का विनय चौबे और गजेंद्र सिंह के अधिवक्ताओं ने विरोध किया था। जिसके बाद कोर्ट ने दो दिनों की रिमांड की मंजूरी दी है।

********************

देवघर एम्स में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों के पहले दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शामिल होंगी।

********************

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने देवघर जिले में पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति की कथित मौत पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी करते हुए छह सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी नहीं देने पर भी मुख्य सचिव और डीजीपी से स्पष्टीकरण मांगा है।

********************

लातेहार के नेतरहाट थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर आज जारी सघन सर्च अभियान चलाया गया । इस क्रम में तुतापानी के जंगल में नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आठ केन आईईडी बम बरामद कर सुरक्षित निष्क्रिय किए गए। अभियान के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार, कारतूस, वायरलेस सेट और अन्य नक्सली सामग्री जब्त की। सर्च अभियान में सीआरपीएफ, एसएसबी, आईआरबी और स्थानीय थानों के पुलिस बल शामिल रहे।

गौरतलब है कि 26 मई को इस क्षेत्र में चलाए गए नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में पाँच लाख रुपये का इनामी माओवादी मनीष यादव मारा गया था, जबकि दस लाख रुपये का इनामी जोनल कमांडर कुंदन को गिरफ्तार किया गया था।

********************

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत जामताड़ा के युवाओं को रोजगार के लिए बैंकों से वित्तीय सहायता मिल रही है। बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अमरेश कुमार ठाकुर ने बताया कि युवाओं को प्रशिक्षण और वित्तीय मदद दोनों दी जा रही है। सुभाष चौक के अमजद अंसारी को दो लाख रुपए की सहायता मिली, जिससे उन्होंने इलेक्ट्रिकल सामान का व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने इसे अपने लिए वरदान बताया है।

********************

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन को सम्मानित करने के लिए पूरे देश में जय हिन्द सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पलामू जिले में 30 मई को कचहरी परिसर में यह कार्यक्रम होगा। पत्रकारों को संबोधित करते हुये कार्यक्रम संयोजक पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि यह सभा भारतीय सेना के पराक्रम को आम जनता तक पहुंचाने के लिए होगी और सभी लोग बड़ी संख्या में शामिल हों।

********************

- पश्चिमी सिंहभूम जिले के पदापहाड़ में थर्ड रेल लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण के खिलाफ सैकड़ों रैयतों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने 70 किलोमीटर की पदयात्रा कर अपना विरोध जताया । पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि रैयतों को अपनी बहुफसली जमीन बचाने के लिए सड़कों पर उतरना पड़ा है। वहीं, ईचा खरकई बांध विरोधी संघ के उपाध्यक्ष रेयां□ा सामड ने सरकार के विस्थापन निर्णय का कड़ा विरोध किया।
- सरायकेला खरसावां मे गम्हरिया स्थित एक रबर कंपनी में मजदूरों के शोषण और बकाया भुगतान न मिलने के खिलाफ मजदूरों ने बैठक की। खरसावां विधायक दशरथ गागराई और पूर्व विधायक अरविंद सिंह इस बैठक में शामिल हुए।
- खूंटी जिला शिक्षा विभाग ने आज मैट्रिक की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर 56 वर्षीय गंगा उरांव को  सम्मानित किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल ने कहा कि आज का यह पल शिक्षा विभाग समेत जिले के लिए अविस्मरणीय बन गया है।

********************

हॉकी में, अर्जेंटिना के रोसारियों में चार देशों के टूर्नामेंट के तीसरे मैच में भारतीय जूनियर महिला टीम ने निर्धारित समय में एक–एक से ड्रॉ के बाद शूटआउट में मेजबान अर्जेंटीना को दो–शून्य से हरा दिया। अर्जेंटीना ने पहले क्वार्टर में मिलग्रोस डेल वैले के गोल से मजबूत शुरुआत की और घरेलू टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। कनिका ने 44वें मिनट में बराबरी का गोल किया। शूटआउट में दो गोल ने भारत को जीत दिलाई। शुक्रवार को अगले मैच में भारत का मुकाबला चिली से होगा।

*******समाप्त*************